पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय महू में औषधीय पौधारोपण कार्यक्रम

माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के पदभार ग्रहण करने के 1 वर्ष होने के उपलक्ष्य में माननीय कुलपति नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर श्री सीता प्रसाद तिवारी के निर्देशन में औषधि पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय महू में दिनांक 8 जुलाई 2022 को किया गया इस उपलक्ष्य में महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर.के. जैन के नेतृत्व में 5000 स्क्वायर फीट की आरोग्य वाटिका की स्थापना की गई जिसमैं विभिन्न औषधि पौधे जैसे सर्पगंधा, गिलोय, एलोवेरा, इंसुलिन, आमला, कच्छनार, हर्र, बेलपत्र, सुरजना, बहेरा तथा अमलतास के कुल 110 पौधों का रोपण किया गया इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर.के. जैन ने सभी शिक्षक कर्मचारीगण एवं छात्रों से औषधि पौधों के संरक्षण की अपील की डॉ. स्वप्निल व्यास संचालक मालव मंथन एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी इंदौर ने बताया कि पौधारोपण के साथ–साथ इसको वृक्ष बनाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है तथा इंदौर के लगभग 45 लाख लोगों के बीच केवल 3-5 से 4-0 लाख पौधे हैं जबकि एक मानव के लिए 10 पौधे होना जरूरी है। रामेश्वर जिला के गौसेवा संयोजक श्री विजय कोठारी ने बताया कि पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय महू में पर्यावरण सुरक्षा एवं मानव स्वास्थ्य के लिए आरोग्य वाटिका की स्थापना एक अनूठी पहल है। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक कर्मचारी एवं छात्र उपस्थित थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी डॉ दीपक गांगिल ने दी।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर